**हिन्दुस्तान, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

# कोरोना काल में हर दूसरे दिन बने इंजन

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में कोरोना के दूसरी भयावह लहर में भी उत्पादन जारी है। अप्रैल में 14 जबकि मई में गुरुवार तक 12 रेल इंजन का उत्पादन हो चुका था। कर्मचारियों ने कोरोना प्रोटोकॉल के बीच काम करते हुए अप्रैल से अब तक 26 नये विद्युत रेल इंजन बना डाले।

रेलवे बोर्ड के लक्ष्य को बराबर पूरा करने की क्षमता देखते हुए बरेका को इस वित्तीय वर्ष में अधिक इंजन उत्पादन की जिम्मेदारी मिली है। उसका लक्ष्य 275 से बढ़ाकर 380 कर दिया गया है। बीते साल भी मार्च से लेकर मई तक कारखाने में कोई काम नहीं हुआ था लेकिन बाद में दोगुनी क्षमता से काम करते हुए बरेका ने लक्ष्य प्राप्त कर लिया था। बरेका को मालगाड़ियों को खींचने वाले रेल इंजन की फिर जिम्मेदारी मिली है। इसका कोरोना काल में उत्पादन जारी रहा।



बरेका कारखाना में तैयार होते रेल इंजन।

**35 सौ के बजाय 15 सौ कर्मचारियों से काम :** सीपीआरओ विजय ने बताया कि कारखाने में आम दिनों में तीन शिफ्ट में 3500 से 3700 तक कर्मचारी काम करते हैं। वर्तमान में 1500 से 1600 कर्मचारी लगाये जा रहे हैं ताकि संक्रमण का खतरा न रहे। वर्कशाप में हर शिफ्ट के बाद सेनेटाइजेशन के साथ नियमित टेस्ट भी कराया जा रहा है। बरेका अस्पताल से कुल 17750 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज और 7701 लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

**राष्ट्रीय सहारा, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

## बरेका में रेलवे व नान रेलवे के लोगों को लगा टीका

**वाराणसी।** महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड-19 टीकाकरण



का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। यहां वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, केंद्रीय चिकित्सालय मेडिकल टीम द्वारा कर्मचारी क्लब में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को टीकाकरण केंद्र में 549 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के 39 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थीयो सहित कुल 398 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 89 तथा नॉन रेलवे के 62 लाभार्थीयो सहित कुल 151 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।

**दैनिक जागरण, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

# जिले में पांच लाख को लगा कोरोना का टीका




जागरण संवाददाता, वाराणसी : अब तक जिले के चार लाख 96 हजार 716 लोगों को कोरोना का टीका लग चुका है। 16 जनवरी से शुरू टीकाकरण अभियान में सर्वाधिक 45 प्लस के लोगों ने टीका लगवाया है। इनकी संख्या एक लाख 81 हजार 353 हो गई है। वरिष्ठ नागरिक भी पीछे नहीं हैं। 60 प्लस के एक लाख 13 हजार 161 लोगों का टीकाकरण हो गया है। ऐसे ही देर से शुरू युवाओं के टीकाकरण की प्रगति भी उत्साहजनक है। अब तक 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 95 हजार 733 लोगों को टीका लग चुका है।

इनमें अलावा 44,975 हेल्थ केयर वर्कर्स व 60,928 फ्रंट लाइन वर्कर्स भी टीका से आच्छादित हो चुके हैं। टीकाकरण अभियान के तहत शुक्रवार को 43 सत्रों पर 18 वर्ष से 44 वर्ष के 8,638 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। कुल टीकाकरण की बात करें तो जिले के विभिन्न केंद्रों, चैरिटेबल अस्पतालों सहित 121 सत्रों का आयोजन कर 11,716 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इनमें 11,006 लाभार्थियों को प्रथम डोज तथा 710 लाभार्थियों को दूसरी डोज लगाई गई।

**अभियान चलाकर रेल कर्मियों व परिजनों का टीकाकरण :** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल ने रेल कर्मियों व उनके परिवारीजनों को कोरोनों संक्रमण से बचाने के लिए अभियान चलाकर टीकाकरण प्राथमिकता दे रहा है। डीआरएम विजय कुमार पंजियार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. महेंद्र सिंह नबियाल की टीम इस कार्य को अंजाम दे रही है। इस क्रम में शुक्रवार को 430 डोज कोविड वैक्सीन लगाई गई, जिसमें 18 से 44 आयु वर्ग में 96 रेल कर्मचारियों तथा 244 नॉन रेलवे लोगों थे। ऐसे ही 45 से अधिक आयु वर्ग में 66 रेलवे कर्मचारियों तथा उनके परिजनों समेत 24 नान रेलवे लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। वहीं, बरेका में 549 लाभार्थियों को वैक्सीन लगा। इसमें रेलवे के 39 तथा नॉन रेलवे के 359 को टीका लगा। 398 पात्र लोगों को पहली डोज तो 151 को दूसरी डोज दी गई। दूसरी डोज में रेलवे के 89 व नॉन रेलवे के 62 लाभार्थी को टीका लगा।



चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल मे टीका लगवाते युवा • जागरण

### बढ़ाए गए 17 टीकाकरण केंद्र

सीएमओ डा. वीबी सिंह ने 17 टीकाकरण केंद्र बढ़ा दिए है। शुक्रवार को 123 टीकाकरण केंद्रों पर अभियान चला तो शनिवार को 140 केंद्रों पर टीका लगा। बढ़े 17 केंद्रों पर एक मई को कोवैक्सीन की प्रथम डोज प्राप्त कर चुके 2404 लोगों को कोवैक्सीन का द्वितीय डोज लगाया जाएगा। जनपद में 29 मई को 73 केंद्रों पर 18 से 44 वर्ष के लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाएगा।



टीकाकरण कराने के वाद आपस मे खुशी का इजहार करते युवा • जागरण

### विना सूचना पंजीयन पोर्टल खुला

टीकाकरण में कुछ तो परेशानी लोगो की भीड़ से है तो कुछ स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से भी है। कार्य की गति धीमी तो है ही, अनियमितता से भी भरी पडी है। अभी 25 मई को रात नौ बजे पंजीयन व स्लॉट बुकिंग पोर्टल खोल दिया गया था, जिसकी सूचना एक घटे पहले जारी की गई। ऐसे ही शुक्रवार की रात आठ बजे पोर्टल खोला जाएगा, इसकी सूचना एक घंटा पहले सात बजे दी गई।

## न्यायाधीश, वाराणसी

## दिनांक: 29.05.2021

# बनारस रेल इंजन कारखाना में 549 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन



वाराणसी।महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। यहां वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, केंद्रीय चिकित्सालय मेडिकल टीम द्वारा कर्मचारी क्लब में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज शुक्रवार, 28 मई, 2021 को टीकाकरण केंद्र में 549 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया।इस प्रकार बरेका में रेलवे के 39 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थीयो सहित कुल 398 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 89 तथा नॉन रेलवे के 62 लाभार्थीयो सहित कुल 151 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त विभिन्न-कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन, कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है।साथ ही साथ जागरूकता हेतु करोना प्रोटोकॉल नियमों का पालन, संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह-जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है। रेलवे सुरक्षा बल बरेका द्वारा जन जागरूकता संदेशो, करोना बचाओ संबंधित गीतों का प्रसारण जनसूचना प्रणाली के माध्यम से निरन्तर किया जा रहा है। साथ ही साथ संयुक्त सचिव कर्मचारी परिषद व अन्य सभी सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को भी टीकाकरण कराए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## न्यायाधीश, प्रयागराज

## दिनांक: 29.05.2021

# बनारस रेल इंजन कारखाना में 549 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन



वाराणसी।महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। यहां वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, केंद्रीय चिकित्सालय मेडिकल टीम द्वारा कर्मचारी क्लब में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज शुक्रवार, 28 मई, 2021 को टीकाकरण केंद्र में 549 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया।इस प्रकार बरेका में रेलवे के 39 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थीयो सहित कुल 398 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 89 तथा नॉन रेलवे के 62 लाभार्थीयो सहित कुल 151 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त विभिन्न-कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन, कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है।साथ ही साथ जागरूकता हेतु करोना प्रोटोकॉल नियमों का पालन, संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह-जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है। रेलवे सुरक्षा बल बरेका द्वारा जन जागरूकता संदेशो, करोना बचाओ संबंधित गीतों का प्रसारण जनसूचना प्रणाली के माध्यम से निरन्तर किया जा रहा है। साथ ही साथ संयुक्त सचिव कर्मचारी परिषद व अन्य सभी सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को भी टीकाकरण कराए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**बिहार दर्शन, सासाराम**

**दिनांक: 29.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में 549 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन



**वाराणसी, बिहार दर्शन।** महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों का यथावत अनुपालन करते हुए रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग बनारस रेल इंजन कारखाना कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान चरणबद्ध तरीके से चला रहा है। यहां वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, केंद्रीय चिकित्सालय मेडिकल टीम द्वारा कर्मचारी क्लब में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज टीकाकरण केंद्र में 549 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के 39 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थीयो सहित कुल 398 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 89 तथा नॉन रेलवे के 62 लाभार्थीयो सहित कुल 151 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।

बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन,कार्यालयों, कश्चलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही साथ जागरूकता हेतु करोना नियमों का पालन,संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह-जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है। रेलवे सुरक्षा बल बरेका द्वारा जन जागरूकता संदेशो,करोना बचाओ संबंधित गीतों का प्रसारण जनसूचना प्रणाली के माध्यम से निरन्तर किया जा रहा है। साथ ही साथ संयुक्त सचिव कर्मचारी परिषद व अन्य सभी सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के कर्मचारियों को भी टीकाकरण कराए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

**बिहार दर्शन, सासाराम**

**दिनांक: 29.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में 533 लाभार्थियों को लगाया गया कोविड वैक्सीन









**वाराणसी, बिहार दर्शन।** महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में अपने रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग बेरका में कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चल रहा है। बरेका केंद्रीय चिकित्सालय, वाराणसी में वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, रेलवे मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से बृहस्पतिवार, 27 मई, 2021 को टीकाकरण केंद्र में 533 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के 74 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थीयो सहित कुल 433 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जिसमें 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग में 341 टीका लगाया गया, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 32 तथा नॉन रेलवे के 68 लाभार्थीयो सहित कुल 100 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग, सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही साथ जागरूकता हेतु कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है। रेलवे सुरक्षा बल बरेका द्वारा जन जागरूकता संदेशो, गीतों का प्रसारण जनसूचना प्रणाली के माध्यम से निरन्तर किया जा रहा है।

प्रत्येक विभाग के अधिकारियों ने रेल कर्मचारियों से अपील की है कि जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक 45 वर्ष से कम या 45 वर्ष से अधिक है वह लोग इस टीकाकरण महाअभियान में शामिल होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़े और अपना टीकाकरण अवश्य कराएं।

**काशीवार्ता, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

# बरेका में 533 को लगा कोविड टीका



वाराणसी (काशीवार्ता)। महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में अपने रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग बेरका में गुरुवार को 533 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें रेलवे के 74 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थियों सहित कुल 433 लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जिसमें 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग में 341 टीका लगाया गया जबकि दूसरी डोज रेलवे के 32 तथा नॉन रेलवे के 68 लाभार्थियों सहित कुल 100 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ–सफाई की जा रही है, साथ ही साथ जागरूकता हेतु कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह–जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे हैं।

**वीर अर्जुन, लखनऊ**

**दिनांक: 29.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में 533 लाभार्थियों को लगाया कोविड वैक्सीन

**डा. अरविंद गाँधी**

वाराणसी। महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में अपने रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग बेरका में कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चल रहा है। बरेका केंद्रीय चिकित्सालय,वाराणसी में वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, रेलवे मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज बृहस्पतिवार, 27 मई, 2021 को टीकाकरण केंद्र में 533 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के 74 तथा नॉन रेलवे के 359 लाभार्थीयो सहित कुल 433 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जिसमें 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग में 341 टीका लगाया गया जबकि दूसरी डोज रेलवे के 32 तथा नॉन रेलवे के 68 लाभार्थीयो सहित कुल 100 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।

बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है।

**आज, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

# बरेका में रेलकर्मियों को लगा टीका

बनारस रेल इंजन कारखानामें कोविड-१९ टीकाकरण केन्द्रमें शुक्रवारको ५४९ पात्र लाभार्थियोंका टीकाकरण किया गया। बरेकामें रेलवेके ३९ तथा गैर रेलवेके ३५९ लाभार्थियों सहित कुल ३९८ पात्र लाभार्थियों को प्रथम डोज तथा ८९ लाभार्थियोंको दूसरी डोज लगायी गयी। गैर रेलवेके ६२ लाभार्थियों सहित कुल १५१ लाभार्थियोंका टीकाकरण किया गया।

**कालभैरव, वाराणसी**

**दिनांक: 28.05.2021**

## बनारस रेल इंजन कारखाना में ५३३ लाभार्थियों को लगाया कोविड वैक्सीन

वाराणसी (का.सं.)। महाप्रबंधक अंजली गोयल के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लीक के नेतृत्व में अपने रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग बरेका में कोविड-१९ टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चल रहा है। बरेका केंद्रीय चिकित्सालय,वाराणसी में



वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य, रेलवे मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज बृहस्पतिवार, २७ मई को टीकाकरण केंद्र में ५३३ लाभाथिन्यों का टीकाकरण किया गया।

इस प्रकार बरेका में रेलवे के ७४ तथा नॉन रेलवे के ३५९ लाभार्थीयो सहित कुल ४३३ पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जिसमें १८ से ४५ वर्ष आयु वर्ग में ३४१ टीका लगाया गया जबकि दूसरी डोज रेलवे के ३२ तथा नॉन रेलवे के ६८ लाभार्थीयो सहित कुल १०० लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया।

बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकमिन्यों को कोविड-१९ से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है,तथा टीकाकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न कर्मशाला परिसरों, प्रशासन भवन कार्यालयों, कॉलोनी परिसर में प्रतिदिन डीप क्लीनिंग ,सेनेटाइजेशन एवं साफ-सफाई की जा रही है।साथ ही साथ जागरूकता हेतु कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं टीकाकरण हेतु जगह-जगह जागरूकता सम्बन्धी संदेश पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित भी किये जा रहे है। रेलवे सुरक्षा बल बरेका द्वारा जन जागरूकता संदेशो , गीतों का प्रसारण जनसूचना प्रणाली के माध्यम से निरन्तर किया जा रहा है। प्रत्येक विभाग के अधिकारियों ने रेल कर्मचारियों से अपील की है,कि जिनकी उम्र १८ वर्ष से अधिक ४५ वर्ष से कम या ४५ वर्ष से अधिक है वह लोग इस टीकाकरण महाअभियान में शामिल होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़े और अपना टीकाकरण अवश्य कराएं।

**आज, वाराणसी**

**दिनांक: 28.05.2021**

# बरेका में 460 लाभार्थियों को लगाया कोविड वैक्सीन



आज का कानपुर नगर संवाददाता अमित शर्मा

वाराणसी ।बरेका में कोविड-19 टीकाकरण का महा अभियान चरणबद्ध तरीके से चल रहा है। बरेका केंद्रीय चिकित्सालय में वैक्सीन के टीकाकरण का कार्य रेलवे मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से आज टीका करण केंद्र में 460 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस प्रकार बरेका में रेलवे के 56 तथा नॉन रेलवे के 304 लाभार्थीयो सहित कुल 360 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई, जबकि दूसरी डोज रेलवे के 32तथा नॉन रेलवे के 68लाभार्थीयो सहित कुल 100लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया ।बनारस रेल इंजन कारखाना मे कार्यरत सभी रेलकर्मियों को कोविड-19 से बचाव हेतु उनका टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

**अमर उजाला, वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

## मिले 86 मरीज, तीन की मौत

वाराणसी। जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से कम हुई है। शुक्रवार को करीब दो महीने बाद 1 दिन में 100 से कम मरीज मिले। इस दिन 86 नए मरीज मिले और 3 मरीजों की मौत हो गई। इसके पहले 31 मार्च को 93 मरीज एक दिन में मिले थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिले 6895 सैंपल की रिपोर्ट में अपना घर आश्रम में तीन, डीएलडब्ल्यू में 3 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि होने के साथ ही बीएचयू, होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मोहाव, विश्वनाथपुर, शिवपुर, राजातालाब, दशाश्वमेध, पहाड़िया, आराजी लाइन समेत अन्य जगहों पर मरीज मिले हैं। जबकि बीएचयू हॉस्पिटल में भर्ती खुशहाल नगर निवासी 53 वर्षीय पुरुष, पिंडरा निवासी 67 वर्षीय पुरुष के साथ ही ओपल हॉस्पिटल में भर्ती लंका निवासी 45 वर्षीय महिला की मौत हुई है। शुक्रवार को 191 मरीज स्वस्थ हुए। अस्पताल से 50 मरीज डिस्चार्ज किए गए। कुल 81561 मरीजों में 79317 डिस्चार्ज,746 की मौत के बाद 1498 एक्टिव मरीज हैं।

**अमर उजाला(सेलेक्ट), वाराणसी**

**दिनांक: 29.05.2021**

## दो महीने बाद एक दिन में 100 से कम मरीज

वाराणसी। जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से कम हुई है। शुक्रवार को करीब दो महीने बाद 1 दिन में 100 से कम मरीज मिले। इस दिन 86 नए मरीज मिले और 3 मरीजों की मौत हो गई। इसके पहले 31 मार्च को 93 मरीज एक दिन में मिले थे।

**86** मरीज मिले 3 की मौत

स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिले 6895 सैंपल की रिपोर्ट में अपना घर आश्रम में तीन, डीएलडब्ल्यू में 3 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि होने के साथ ही बीएचयू, होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मोहाव, विश्वनाथपुर, शिवपुर, राजातालाब, दशाश्वमेध, पहाड़िया, आराजी लाइन समेत अन्य जगहों पर मरीज मिले हैं।

जबकि बीएचयू हॉस्पिटल में भर्ती खुशहाल नगर निवासी 53 वर्षीय पुरुष, पिंडरा निवासी 67 वर्षीय पुरुष के साथ ही ओपल हॉस्पिटल में भर्ती लंका निवासी 45 वर्षीय महिला की मौत हुई है। शुक्रवार को 191 मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया और अस्पताल से 50 मरीज डिस्चार्ज किए गए। अब कुल 81561 संक्रमित मरीजों में 79317 डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं, 746 की मौत के बाद फिलहाल 1498 एक्टिव मरीज हैं। ब्यूरो